तापमान

अधिकतम 33.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# कांकेर भूमि

रायपुर, गुरुवार, 3 अक्टूबर 2024

14 गांधी जयंती पर स्वच्छता दीदियों और सफाई...



14 गांधीजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया ...





## नवरात्रि विशेष



### प्रथम : शैलपुत्री

मां नवदुर्गाओं में सबसे पहला नाम शैलपुत्री का है, जो गिरीराज हिमालय की पुत्री है। अपने पूर्व जन्म में ये प्रजापति दक्ष के यहां कन्या के रुप में उत्पन्न हुई थी। मां के दाहिने हाथ में शूल और बांए हाथ में कमल का फूल सुशोभित है। माता की शक्तियां अनन्त है। नवरात्र के पहले दिन भक्तगण इनकी आराधना करते हैं। एक बार प्रजापति दक्ष ने एक विशाल यज्ञ करवाया। उसमें सभी देवताओं को बुलाया लेकिन क्रोधवश शंकरजी को यज्ञ में नहीं बुलाया। सती तो जब पता चला कि पिताजी के यहां यज्ञ हो रहा है, तो उन्होंने वहां पर जाने की इच्छा जाहिर की। शंकर जी के काफी समझाने के बाद भी सती नहीं मानी तो शंकर जी ने उन्हें भेज दिया। सती ने पिता के यहां पहुंचकर देखा कि परिजनों का उनके प्रति व्यवहार ठीक नहीं है। कोई उनसे ठीक से बात नहीं कर रहा है। यह सब देखकर सती का हृदय क्षोभ, ग्लानि और क्रोध से भर उठा। तब उनको भगवान शंकर की याद आई और उन्होंने उसी क्षण योगाग्नि द्वारा अपने को भस्म कर लिया और सती हो गई। उसके बाद से इनको सती के नाम से जाना गया। मां के इस रुप की आराधना का मंत्र है।

वन्दे वाञ्छितलाभाय चंद्रार्धकृतशेखराम।
वृषारुढां शुलधरां शैलपुत्री यशास्विनीम।

## खबर संक्षेप

### ग्रामीण ने फांसी लगा कर दी जान, जांच जारी

**कांकेर।** अंतागढ़ थानांतर्गत बुलावण्ड निवासी भीखम भण्डारी ने अपने घर के सामने आम झाड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। आत्महत्या के कारणो का अभी तक पता नही चल पाया है। अंतागढ़ निवासी करमचंद भण्डारी ने पुलिस को बताया कि मृतक ने 30 सितंबर को घर के सामने आम झाड़ में गमछा का फंदा बनाकर फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### अज्ञात वाहन की ठोकर से एक मौत

**कांकेर।** नहरपुर थानांतर्गत हल्बा चौकी निवासी जेठमल सलाम का सड़क दुर्घटना में 30 सितंबर को मौत हो गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक को किसी अज्ञात वाहन चालक ने ठोकर मारकर घायल कर दिया। गंभीर चोट आने की वजह से उसकी मौत हो गई। कांकेर थाना में मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया है।

# महात्मा गांधी व शास्त्रीजी को जयंती पर किया याद और की साफ-सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

शासकीय बालक उच्च माध्यमिक विद्यालय सरोना में 2 अक्टूबर को महात्मा गाँधी एवं लाल बहादुर शास्त्री का जयंती मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छाया चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

इस कार्यक्रम के अंतर्गत सभी स्वयं सेवकों द्वारा शपथ लिया गया की हम स्वयं स्वच्छ रहेंगे और अपने आस पास को स्वच्छ रखेंगे तथा दूसरो को स्वच्छता के लिए प्रेरित करेंगे एवं हम अपने देश को स्वच्छ बनाएंगे। इसके तहत सरोना के विभिन्न चौक चौराहों पर स्वच्छता का कार्य किया गया। कार्यक्रम पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी भूपेन्द्र कुमार सिन्हा द्वारा गांधी और शास्त्री जयंती के उपलक्ष्य पर स्वतंत्रता भारत में उनका योगदान एवं उनके संघर्ष के बारे में सारगर्भित बताया और साथ ही उनके विचार सत्य एवं अहिंसा के मार्ग पर चलकर देश को आजाद किया एवं शास्त्री का विचार जय जवान जय किसान का नारा लेकर इस देश को जवान और किसानों की बहुत आवश्यक है, इसके बारे में बताया गया और साथ में उनका विचार को अमल करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के सभी स्वयंसेवक उपस्थित रहे साथ ही कार्यक्रम में सम्मिलित होकर गांधी और शास्त्री के विचारों को जानकर बच्चों में उत्सुकता देखने मिला।

### साफ-सफाई को दिनचर्या में शामिल करें, देह स्वमेव निर्मल होगा



#### डस्टबिन का उपयोग करें

राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डीएल पटेल, जिला संगठक अभिषेक मिश्रा एवं संस्था के प्राचार्य जितेंद्र तिवारी के मार्गदर्शन पर स्वचछता ही सेवा 2024, स्वभाव में स्वच्छता, संस्कार में स्वच्छता, स्वच्छ भारत कार्यक्रम आयोजित किया गया। दुकानों में जाकर डस्टबिन का उपयोग करे, प्लास्टिक की थैली का उपयोग न करे ऐसा संदेश दिया गया। कार्यक्रम अधिकारी भूपेन्द्र कुमार सिन्हा ने स्वय सेवकों को कहा की कदम से कदम बढ़ाते जाओ, स्वच्छता की तरफ मिलकर जुट जाओ। इस कार्यक्रम में संस्था के व्याख्याता केशव कोर्रम, शाला के स्टाफ कानेसिंह यादव, युवराज सोनी, स्वयं सेवक देवेश विकास, सूर्या निहारिका, ईशा तेजस्वी, हसीना भूमिका सहित एनएसएस के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## पर्व : शारदीय नवरात्रि आज से घट और मातारानी प्रतिमाएं आज विराजेंगी

# श्रद्धा-भक्ति से दुर्गा प्रतिमाओं का लाने का सिलसिला दिन भर चला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- शीतला माता, सिंहवाहिनी, गढ़िया पहाड़ी के मंदिरों में परंपरागत तैयारी जारी
- भव्य पंडालों में आकर्षक सजावट के साथ दर्गोत्सव की तैयारी

सर्वपितृ अमावस्या के साथ ही बुधवार को पितृपक्ष का समापन हो गया और आज से शारदीय नवरात्रि प्रारंभ हो गई। सनातन धर्मावलंबी मां दुर्गा की भक्ति में सराबोर हो जाएंगे। युवा शक्ति भी नवरात्रि पर्व को पूरे उत्साह के साथ मनाने की तैयारी कर रही है। शहर में स्थापित सार्वजनिक पंडाल में देर रात तक मूर्तियों के पहुँचने का सिलसिला चलता रहा।







शारदीय नवरात्र पर्व पर भक्तों द्वारा देवी मां के नौ स्वरूपों की पूजा-अर्चना आज गुरूवार से शुरू होगी, वहीं लोगों द्वारा नौ दिन व्रत रखकर मां की आराधना करेंगे। देवी भक्तों द्वारा मां के दरबार अपने-अपने अंदाज में सजाए गए हैं। शीतला माता मंदिर, सिंहवाहिनी मंदिर, गढ़िया पहाड़ी मंदिर के साथ साथ अन्य मंदिरो में श्रद्धालुओं द्वारा आज ज्योति कलश स्थापना कर विशेष होगी। रविवार को प्रतिमाओं की स्थापना के साथ पूजन का सिलसिला आरंभ होगा। नवरात्र के दौरान मंदिरों और मां के पंडालों में रोज सुबह-शाम विशेष पूजन और आरती भी होगी । शहर में कई जगहों पर देवी की प्रतिमाएं विराजमान की जाएंगी, प्रतिमाओं के पहुचने का दौर एक दिन पहले से शुरू हो गया। हिन्दुओं के लिए नवरात्रि का विशेष महत्व है। ऐसा माना जाता है कि नवरात्रि के दौरान देवी दुर्गा अपने भक्तों को आशीर्वाद देने के लिए आती हैं। इन नौ दिनों में देवी दुर्गा के 9 अवतारों की पूजा की जाती है। नवरात्रि के एक दिन पहले बुधवार को समिति के पदाधिकारी दुर्गा माँ की प्रतिमा को ढोल नंगाड़े के साथ लेकर पहुंचे और दुर्गा प्रतिमाओं को पंडाल स्थलों पर पहुँचने का सिलसिला दिनभर चलता रहा। शहर में देवी के लिए तैयार की गए पंडाल सज चुके थे और प्रतिमाओं को पहुँचाया गया। नवरात्र के पहले दिन गुरूवार को पूजा पाठ के उपरांत प्रतिमाओं को स्थापित किया जाएगा। शहर के युवाओं में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है।

# गांधीजी को जयंती पर कांग्रेस ने याद किया व दी पुष्पांजलि



हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर कांग्रेस के नेताओं ने महात्मा गांधी के जयंती पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं ने महात्मा गांधी के छायाचित्र पर माल्यार्पण किया और उनके विचारों को याद किया।

पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष भुनेश्वर नागराज ने महात्मा गांधी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गांधीजी का जीवन सत्य, अहिंसा और सादगी का प्रतीक था। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ने अपने सिद्धांतों के बल पर भारत को स्वतंत्रता दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनका जीवन हमें सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम में महेन्द्र नायक ने महात्मा गांधी के बाल्यकाल के बारे में चर्चा की। उन्होंने बताया कि महात्मा गांधी का बचपन सरल और अनुशासन से भरा हुआ था, जहाँ उनके जीवन के मूल्यों की नींव रखी गई। महात्मा गांधी का बाल्यकाल यह दर्शाता है कि किस प्रकार उन्होंने अपनी जिंदगी में सादगी और सेवा को सर्वोपरि रखा। इस अवसर पर हिरवेंद्र साहू, भूपेंद्र महाजन, सत्तार खान, रानू सेन, किशोर नेताम, देवानंद कुरेटी, केके मरकाम, भूषण सिन्हा, सुधांसु पांडे, अर्जुन देवांगन सहित कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### जहर खाने से हुईमौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत माचपल्ली निवासी गोपीराम तारम ने जहर का सेवन कर लिया। मृतक द्वारा जहर सेवन करने की जानकारी होते ही परिजन ने उसे अस्पताल में भर्ती किया। जहर पूरे शरीर में फैल जाने से 1 अक्टूबर को उसकी मौत हो गई। अस्पताल द्वारा अस्पताल मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतक ने जहर खा लिया था, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

# शहीद गेंदसिंह महाविद्यालय में चलाया गया स्वच्छता अभियान

**चारामा।** स्वच्छ भारत दिवस के अवसर पर शासकीय शहीद गेंदसिंह महाविद्यालय चारामा में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के अधिकारी, कर्मचारी एवं एनसीसी कैडेटों ने इस अभियान में सक्रिय भागीदारी करते हुए महाविद्यालय परिसर की सफाई की और श्रमदान किया।



कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मरकाम द्वारा की गई, जिसमें उन्होंने स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन का कार्य नहीं है, बल्कि इसे जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। महात्मा गांधी के आदर्शों को ध्यान में रखते हुए, स्वच्छ भारत अभियान को सफल बनाने में हर नागरिक की जिम्मेदारी महत्वपूर्ण है। अभियान के दौरान महाविद्यालय के स्टाफ और एनसीसी कैडेटों ने मिलकर महाविद्यालय परिसर के विभिन्न हिस्सों की सफाई की और कचरे का निस्तारण किया। श्रमदान के इस प्रयास से स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने और समाज को एक स्वच्छ और ▶▶| शेष पेज 12 पर

# नपं कर्मचारियों ने स्वच्छता अभियान चलाकर ली शपथ



**चारामा।** नगर पंचायत चारामा के कर्मचारियों ने स्वच्छता अभियान चलाकर सामूहिक शपथ ग्रहण किया। नगर पंचायत चारामा सीएमओ दुलेश्वर कुमार सार्वा एवं नगर के समस्त बीएलओ के उपस्थिति में शपथ ग्रहण किया गया। हम स्वयं स्वच्छता के प्रति सजग रहेंगे और उसके लिए समय देंगे। हर वर्ष 100 घंटे यानी हर सप्ताह 2 घंटे श्रमदान करके स्वच्छता के इस संकल्प को चरितार्थ करेंगे। हम न गंदगी करेंगे न किसी और को करने देंगे। सबसे पहले हम स्वयं से मेरे परिवार से मेरे मुहल्ले से मेरे गाँव से एवं हमारे कार्यस्थल से शुरुआत करेंगे। हम यह मानते है कि दुनिया के जो भी देश स्वच्छ दिखते हैं उसका कारण यह है कि वहां के नागरिक गंदगी नहीं करते और न ही होने देते हैं। इस विचार के साथ हम गांव-गांव और गली-गली स्वच्छ भारत मिशन का प्रचार करेंगे। हम जो शपथ ले रहे हैं वह अन्य 100 व्यक्तियों से भी कराएंगे एवं वे भी हमारे तरह स्वच्छता के लिए 100 घंटे दें, इसके लिए प्रयास करेंगे। हमे मालूम है कि स्वच्छता की तरफ बढ़ाया गया हमारा एक कदम पूरे भारत देश को स्वच्छ बनाने में मदद करेगा।

# मंदिरा दुकान के कर्मचारी से मारपीट की और सांसद के नाम पर दी धमकी

**कांकेर।** अंतागढ़ के विदेशी मंदिरा दुकान में रात को दो युवक दुकान बंद होने के बाद शराब की बात को लेकर मंदिरा दुकान के कर्मचारी के साथ विवाद करने लगे। आरोपी बिरेन्द्र नाग एवं गजेन्द्र नाग ने शराब की बात को लेकर सांसद नाग के नाम पर धमकी दिया और हाथ मुक्का से मारपीट किया।

थाना में शिकायत करने पहुंचे 39 वर्षिय सुचित कुमार सिंग पिता लल्लु सिंह ने पुलिस को बताया कि 1 अक्टूबर कि रात को करीबन 10 बजकर 5 मिनट पर दुकान बंद करके रूम जा रहे थे। तभी आरोपी बिरेन्द्र नाग और गजेन्द्र नाग शराब के नाम पर लड़ाई-झगड़ा, गाली-गलौज और मारपीट करने लगे। आरोपियों द्वारा सांसद भोजराम नाग के नाम पर धमकी देने लगे। घटना के समय बुलेश कुमार देवागंन,



नवदीप रामटेके, भुपेन्द्र ध्रुव, विकास साहु, देवेन्द्र सिन्हा वही पर थे। मारपीट करने से मुझे चोट आई है। जान से मारने की धमकी देने से जान का भय बना हुआ है। हम लोग शासकीय मंदिरा दुकान के कर्मचारी है, ऐसी स्थिति रहेगी तो हम लोग काम नही कर पाएगे। पीड़ित ने सुरक्षा प्रदान करने की बात कही है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3 (5), 351 (3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## स्वच्छता सिर्फ अभियान नहीं, उसे आदत में शामिल करें : सांसद नाग

# महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत के सपने को पीएम मोदी साकार कर रहे हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वस्छता वीर हुए सम्मानित

स्वच्छता ही सेवा थीम पर स्वच्छता पखवाड़ा आयोजित किया गया, जिसका समापन महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर सांसद के मुख्य आतिथ्य में किया गया। इस अवसर पर स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य एवं गतिविधि करने वाले ग्राम पंचायतों, संस्थाओं और स्वच्छाग्राही समूहों को प्रशस्ति पत्र प्रदान सम्मानित किया और उपस्थित लोगों को स्वच्छता एवं मद्यनिषेध की शपथ भी दिलाई।

जिला पंचायत के सभाकक्ष में 2 अक्टूबर को दोपहर में आयोजित समापन समारोह में मुख्य अतिथि की आसंदी से सांसद भोजराज नाग ने कहा कि अपने तथा आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ बनाने के साथ-साथ तन और मन की स्वच्छता ही बेहद जरूरी है। महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत के सपने को देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी साकार कर रहे हैं। उनके द्वारा लगातार स्वच्छता अभियान चलाकर भारत वर्ष को विकसित राष्ट्रों में शामिल करने के अथक प्रयास किए जा रहे हैं। सांसद नाग ने उपस्थित लोगों से अपील करते हुए कहा कि इस अभियान को आगे भी जारी रखें और अपने घर-परिवार, समाज, प्रदेश तथा देश को साफ-सुथरा बनाने में अपनी भूमिका सुनिश्चित करें। स्वच्छता सिर्फ अभियान मात्र ही नहीं, बल्कि लोग इसे अपनी आदत में भी शामिल करें।





#### 24 स्वच्छता वीर हुए सम्मानित

स्वच्छता ही सेवा के समापन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में 14 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलाए गए पखवाड़े में स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट और उल्लेखनीय कार्य व गतिविधियां संचालित करने वाले ग्राम पंचायतों, संस्थाओं और स्वच्छाग्राही समूह के 24 स्वच्छता वीरों को सांसद एवं अन्य उपस्थित अतिथियों के द्वारा सम्मानित किया गया।



#### छात्राओं ने बनाई आकर्षक रंगोली

स्वच्छता समापन समारोह के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत के प्रांगण में विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने स्वच्छता पर आधारित आकर्षक रंगोली बनाई थी। साथ ही प्रोजेक्ट के माध्यम से स्वच्छता की आवश्यकता पर आधारित मॉडल प्रदर्शित किया गया, जिसकी सांसद ने सराहना की।

कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा नागरिकों के सतत सहयोग से नगर के प्राचीन डढ़िया तालाब को अभियान चलाकर जलकुंभी मुक्त किया गया। इसी तर्ज पर आगे भी सफाई अभियान चलाकर नगर के अन्य तालाबों और सार्वजनिक क्षेत्रों को कचरा मुक्त बनाया जाएगा। एक पेड़ मां के नाम अभियान को जारी रखते हुए वन विभाग से अपनी पसंद के पौधे लेकर खाली जगहों में रोपने का अनुरोध उपस्थित ग्रामीणों से किया। इसके पहले, जिला पंचायत सीईओ सुमित अग्रवाल ने जिले के सभी ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों में स्वच्छता पर आधारित गतिविधियों एवं कार्यक्रमों की संक्षिप्त जानकारी पीपीटी के माध्यम से दी।

इस दौरान सांसद, कलेक्टर एवं अन्य उपस्थित अतिथियों ने एक कदम अपशिष्ट प्रबंधन की ओर नामक पुस्तिका का विमोचन भी किया। साथ ही जिला प्रशासन कि तत्वावधान में आदिवासी विकास विभाग द्वारा प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत विशेष पिछड़ी जनजाति कमार पर आधारित शॉर्ट वीडियो डाक्यूमेंट्री का भी शुभारंभ किया गया। इसके अलावा समाज कल्याण विभाग द्वारा 2 से 8 अक्टूबर तक नशामुक्ति अभियान के तहत चलाए जा रहे मद्यनिषेध सप्ताह के शुभारंभ अवसर पर सांसद द्वारा उपस्थितजनों को समुदाय, परिवार, मित्र और स्वयं को नशामुक्त करने और इस दिशा में हर संभव प्रयास करने की भी शपथ दिलाई। इसमें कांकेर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत कोकपुर के सरपंच प्यारसिंह मंडावी, जय बूढ़ादेव स्व-सहायता समूह ग्राम ▶▶| शेष पेज 12 पर

### डाल मैट्रिक स्कूल के छात्रों ने मनाई महात्मा गांधी की जयंती



**धनेलीकन्हार।** डाल मेट्रीक शाला पीढापाल के आवासीय छात्रों ने स्कूल परिसर के सामने मुख्य मार्ग पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जन्म जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाया। सेवा निवृत्त बैंक कर्मी, ग्राम के वरिष्ठ नागरिक हरिश्चंद्र नेताम के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में छात्रों ने महात्मा गांधी के छायाचित्र की पुजा अर्चना कर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर स्कूल परिसर के आसपास सफाई कर स्वच्छता का संदेश भी दिया। पूजा कर आने जाने वाले राहगिरो को प्रसाद का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर उमेश नेताम, सुरेश नेताम, किशोर नेताम, बलराम सिन्हा, विक्रांत सिन्हा, संतलाल कोर्राम, मायाराम गावड़े, अर्जुन कोर्राम, उमंग मंडावी, परमेश उसेंडी, आदित्य विश्वकर्मा, किशन यादव उपस्थित रहे।

हरिभूमि

पाठक सूचना

कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

7000955574, 9098324969

## खबर संक्षेप



### प्राथमिक शाला जोंदरापदर में वरिष्ठजन का किया सम्मान

**कोण्डागांव।** अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर 1 अक्टूबर को शासकीय प्राथमिक शाला जोंदरा पदर में बुजुर्गों के प्रति बच्चों के मन में सम्मान सेवा एवं सहिष्णुता की भावना विकसित करने के उद्देश्य से अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। प्रधान पाठक मधु तिवारी ने बुजुर्ग वरिष्ठ नागरिक एवं पालक कल्याणी का शॉल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। साथ ही मध्यान्ह भोजन रसोइया का भी सम्मान किया गया। बच्चों को अपने बड़े बुजुर्गों को अपना पथ प्रदर्शक मानते हुए माता–पिता गुरुजनों का हमेशा आदर सम्मान करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर स्वच्छता पखवाड़ा अंतर्गत विद्यालय परिसर की साफ सफाई की गई।

### मद्य निषेध सप्ताह में नशामुक्ति पर केंद्रित जन जागरूकता कार्यक्रम होंगे

**कांकेर।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग भारत सरकार तथा समाज कल्याण छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार 8 अक्टूबर तक नशामुक्त भारत अभियान चलाया जाएगा, जिसके तहत जिले में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। कलेक्टर नीलेश महादेव क्षीरसागर के मार्गदर्शन में जिले में पंचायत स्तर पर गठित भारतमाता वाहिनी के सहयोग से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन नशामुक्ति कार्यक्रम अंतर्गत जनजागरूकता विकसित किया जाएगा। उप संचालक समाज ने बताया इसके अंतर्गत नशामुक्ति के पक्ष में व्यापक जनमत विकसित करने के उद्देश्य से रैली, नुक्कड़, सभाएं, सांस्कृतिक कार्यक्रम, मानव श्रृंखला, नशापान नहीं करने का संकल्प आदि कराया जाएगा। साथ ही शैक्षणिक संस्थाओं में व्याख्यान, विद्यार्थियों के मध्य चित्रकला, भाषण, गीत, नाटक आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन, नशामुक्ति स्लोगन का दीवार लेखन, नशापीड़ित व्यक्ति से प्रत्यक्ष संवाद कर दुष्परिणामों की जानकारी देना, नशामुक्ति ब्रोशर, पाम्पलेट, साहित्य का वितरण, प्रचार रथ, एलईडी टी.वी. के माध्यम से नशापान के दुष्परिणामों का प्रदर्शन कर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। नशामुक्त भारत अभियान अंतर्गत विद्यालय, महाविद्यालय, विश्वविद्यालय, अन्य शैक्षणिक संस्थान, सार्वजनिक स्थलों, विभिन्न समारोह आदि में नशामुक्ति पर केन्द्रित प्रभावी कार्यक्रम आयोजित कराए जाएंगे। इसके अलावा योगाभ्यास विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में नशामुक्ति के लिए योग का अभ्यास भी कराया जाएगा।

### ज्येष्ठ नागरिकों ने गांधी-शास्त्री को किया याद

**जगदलपुर।** ज्येष्ठ नागरिक कल्याण संघ के अध्यक्ष शशिकांत सिंह गौतम ने बताया है कि बुधवार 2 अक्टूबर को संघ कार्यालय बापू की कुटिया में गांधी और शास्त्री की जयंती सादगी पूर्ण ढंग से मनाई गई।

# कांटों के झूले पर आसीन काछनदेवी ने दशहरा के निर्विघ्न होने का महाराजा को दिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

ऐतिहासिक बस्तर दशहरा पर्व की मुख्य रस्म काछनगादी पूजा विधान बुधवार देर शाम रियासतकालीन परम्परानुसार मनाया गया। दंतेश्वरी मंदिर से निकले माटी पुजारी बस्तर महाराजा कमलचन्द्र भंजदेव के साथ दशहरा समिति अध्यक्ष व सांसद महेश कश्यप, राजगुरू नवीन ठाकुर, कुमार जयदेव के अलावा माझीं चालकी व पुजारी बाजे गाजे के साथ भंगाराम चौक स्थित काछनगुड़ी पहुंचे। यहां काछनदेवी ने महाराजा को दशहरा मनाने की स्वीकृति देते हुए निर्विघ्न दशहरा सम्पन्न होने आशीर्वाद दिया। रियासतकालीन परम्परानुसार यह पर्व प्रति वर्ष पितृपक्ष अमावश्या के दिन मनाया जाता है। कांटों के झूले पर आसीन काछिन देवी काले रंग के कपड़े पहनकर बस्तर दशहरा में प्रतिवर्ष निर्विघ्न आयोजन हेतु स्वीकृति और आशीर्वाद प्रदान किया करतीं है। मान्यता के अनुसार काछिन देवी पशुधन और अन्न-धन की रक्षा करती है। प्रतिवर्ष माहरा जाति की एक नाबालिक बालिका पर काछिन देवी आरूढ़ होती हैं। महाराजा कमलचंद भंजदेदव के अलावा दशहरा समिति के अध्यक्ष व सदस्य समेत मांझी, चालकी, नाईक, पाईक के साथ मांई दन्तेश्वरी के मंदिर से निकलकर बाजे-गाजे के साथ काछिनगुड़ी पहुंचे। देवी की पूजा अर्चना के बाद काछनदेवी बनी पीहू दास से उन्होंने निर्विघ्न दशहरा सम्पन्न करने अनुमति व आशीर्वाद मांगा गया। काछिन देवी से स्वीकृति मिलने के बाद से ही दशहरा पर्व धूमधाम से प्रारंभ हो जाता है। हरिजनों की देवी को बस्तर के राजाओं द्वारा इस प्रकार प्राथमिक सम्मान दिया जाना इस बात की पुष्टि करता है कि चालुक्यों की दृष्टि में हरिजन अश्पृश्य नहीं थे। काछिन देवी, बस्तर में मिरगान, चंडार और तिकड़ा (अनुसूचित) जातियों की कुल देवी मानी जातीं हैं। इस दौरान काछनगुड़ी में आईजी सुंदरराज पी, कलेक्टर हरीश एस, एसपी शलभ कुमार सिन्हा, एएसपी महेश्वर नाग समेत अधिकारी, जनप्रतिनिधि व सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे। वहीं पुलिस की भी चाकचौबंद व्यवस्था रही।

## माटी पुजारी के साथ दशहरा समिति अध्यक्ष व अन्य गाजे- बाजे के साथ पहुंचे



### काछनदेवी के बाद रैला देवी की अनुमति



काछिन गुड़ी में काछिन गादी रस्म के उपरांत गोलबाजार स्थित रैला पूजा की परम्परा है। रैला पूजा में मिरगान महिलाएं अपनी मिरगानी बोली में एक गीत की प्रस्तुती देती है। राजकुमारी रैला देवी का श्राद्धकर्म बस्तर के दशहरा पर्व में रैला-पूजा के नाम से जाना जाता है। गोलबाजार के अंदर प्रतिवर्ष काछिन देवी के पूजा के बाद संध्या के समय चिन्हित स्थल पर रैला देवी के आयोजन के लिए मिरगान जाति का पुजारी तथा इस जाति की महिलाएं एकत्रित होती हैं। परम्परा के अनुसार प्रतिवर्ष रैला पूजा में भी राज परिवार तथा पुजारी रैला देवी से पर्व निर्विघ्न सम्पन्न होने की कामना कर आशीर्वाद मांगते हैं।

विधायक उसेंडी ने स्वच्छता के अग्रदूतों को किया सम्मानित

# स्वच्छता के लिए निरंतर कार्य करने की जरुरतः विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



स्वच्छता ही सेवा अभियान–2024 के तहत 17 सितंबर से चल रहे स्वच्छता अभियान का समापन आज महात्मा गांधी की जयंती पर हुआ। इस अवसर पर स्वच्छ भारत दिवस पर सफाई मित्र सम्मान समारोह का आयोजन विधायक कोंडागांव एवं बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष सुश्री लता उसेंडी के मुख्य आतिथ्य में शहर के ऑडिटोरियम में संपन्न हुआ। समारोह में सुश्री उसेंडी ने कहा कि आज हमारे देश के दो महान विभूतियों महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के जन्मदिवस के अवसर पर स्वच्छता ही सेवा अभियान का समापन हो रहा है। लेकिन स्वच्छता के लिए निरंतर कार्य करना आवश्यक है। विधायक सुश्री उसेंडी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर 17 सितंबर से विभिन्न स्वच्छता गतिविधियों का आयोजन हो रहा है। लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता आई। सफाई मित्रों की सराहना करते हुए कहा कि हम उनके प्रति कृतज्ञ हैं। हमारे घर और शहर को स्वच्छ रखने के लिए दिन–रात मेहनत करते हैं। उन्होंने नागरिकों से ब्लड बैंक में रक्तदान करने और एक पेड़ मां के नाम अभियान में भाग लेकर पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने की अपील की।

■ स्वच्छता ही सेवा अभियान के समापन पर सफाई मित्र सम्मान समारोह

### शहर को स्वच्छ बनाने में सभी का योगदान जरूरी

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत जिले में सभी ग्राम पंचायतों, शासकीय कार्यालयों और विद्यालयों में सामुदायिक स्वच्छता के लिए अभियान चलाया गया। उन्होंने जोर दिया कि स्वच्छता हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। शहर को स्वच्छ बनाने के लिए सभी का सहयोग आवश्यक है। नगरपालिका उपाध्यक्ष जसकेतु उसेण्डी ने कहा कि स्वच्छता दीदी हर मौसम में अपने दायित्वों का निर्वहन कर शहर को स्वच्छ बनाने में योगदान देती हैं।

### स्वच्छता शपथ दिलाई गई

कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद् कोण्डागांव एवं नगर पंचायत फरसगांव की स्वच्छता दीदी एवं सफाई कर्मचारियों, स्वच्छता प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों, स्वच्छ एवं सुन्दर संस्थाओं और पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया गया। अंत में विधायक सुश्री उसेण्डी ने उपस्थित लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा सफाई कर्मियों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। कार्यक्रम में एडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर, जिला पंचायत के सीईओ अविनाश भोई, मुख्य नगर पालिका अधिकारी दिनेश डे सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी–कर्मचारी एवं स्वच्छता दीदी उपस्थित रहीं।

### कलेक्टर सहित अफसर व कर्मियों ने किया श्रमदान

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत 17 सितंबर से शुरू हुए पखवाड़ा के अंतिम दिन आज कलेक्टर कुणाल दुदावत, एडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर एवं जिला पंचायत के सीईओ अविनाश भोई सहित अधिकारियों और कर्मचारियों ने श्रमदान कर जिला कार्यालय परिसर की साफ–सफाई की। इस दौरान सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने जिला कार्यालय के सामने एकजुट होकर साफ–सफाई की और स्वच्छता अभियान में अपनी सहभागिता निभाई। सफाई अभियान के बाद कलेक्टर ने सभी उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने और दूसरों को भी सफाई के लिए प्रेरित करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर एडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर, जिला पंचायत के सीईओ अविनाश भोई सहित जिला कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



### स्वच्छता ही सेवा नारा नहीं जीवन जीने का एक तरीका




फरसगांव। मदर टेरेसा हाईस्कूल बोरगांव में 2 अक्टूबर को गांधी जयंती बड़े उत्साह के साथ मनाई गई। महात्मा गांधी के स्वच्छता और सेवा के सिद्धांतों को मान्यता दी गई। इस अवसर की शुरुआत स्कूल के प्रिंसिपल फादर सिब्बी कुन्नेल द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई। श्रद्धांजलि के बाद, छात्रों ने प्राचार्य एवं शिक्षकों हेमंत रजक, अजमल, जतिन जैकब, श्रीमती थामेश्वरी राणा, श्रीमती गीता कोसले, कुमारी उषा शर्मा, कुमारी तेजस्वी शर्मा, कुमारी निधि रानी मंडल के नेतृत्व मे स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत स्कूल परिसर की सफाई में सक्रिय रूप से भाग लिया। इसके साथ ही, छात्रों ने स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए एक रैली में भी हिस्सा लिया, जिसमें साफ-सफाई बनाए रखने और एक स्वच्छ पर्यावरण के प्रति योगदान देने के महत्व को रेखांकित किया गया। यह पहल युवाओं में गांधीजी के स्वच्छता और सेवा के मूल्यों को समाहित करने का प्रयास था। यह इस बात पर जोर देती है कि स्वच्छता ही सेवा केवल एक नारा नहीं बल्कि जीवन जीने का एक तरीका है। इस कार्यक्रम ने महात्मा गांधी के स्वच्छ और आत्मनिर्भर भारत के सपने की याद दिलाई। प्रिंसिपल फादर सिब्बी कुन्नेल ने कहा कि यह हम सबका दायित्व है कि स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत बनाने में सभी को सहयोग करना चाहिए, जिससे प्रधानमंत्री का यह अभियान निरंतर जारी रहे। इसलिए स्वच्छता के प्रति हम सबकी जिम्मेदारी है कि अपने-अपने घरों के आस-पास का माहौल साफ-सुथरा रखें और लोगों को जागरूक करें।



### मकड़ी के गांधी चौक में मनी गांधी जयंती, हुई साफ- सफाई

*कोण्डागांव। मकड़ी में बस स्टैंड में स्थित गांधी चौक में गांधी की प्रतिमा पर माल्यापर्ण व श्रद्धांजलि अर्पित की गई। आसपास बस स्टैंड में तेजस हायर सेकेंडरी स्कूल मकड़ी के बच्चों द्वारा साफ सफाई भी की गई। एनएसएस प्रभारी चंद्रकांत जैन द्वारा समस्त छात्रओं के साथ बाजार स्थल दुर्गा चौक पुराना कंपलेक्स अस्पताल परिसर में साफ सफाई की गई। तत्पश्चात गांधी चौक में गांधी की मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया एवं राष्ट्रगान भी गया गया। उक्त कार्यक्रम में जनपद पंचायत उपाध्यक्ष गौतम साहू ग्राम के वरिष्ठ नागरिक ग्वाल, कमल, उजाला, आकाश महाजन एवं गामान्य नागरिक उपस्थित रहे।*

### श्रमदान कर परिसर में की गई सफाई, स्वच्छता की ली शपथ



***फरसगांव।*** *स्वच्छ भारत मिशन के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर महात्मा गांधी जयंती पर बड़े पैमाने पर सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़े के तहत श्रमदान में आम से लेकर खास लोगों ने अपनी हिस्सेदारी दर्ज कराई। इस क्रम में जनपद पंचायत फरसगांव में भी सुबह 10 बजे से 11 बजे तक श्रमदान कर सफाई अभियान चलाया गया। जिसमें जनपद पंचायत फरसगांव के सीईओ अनुराग सिन्हा व अन्य कर्मचारियों ने जनपद कार्यालय परिसर में झाड़ू लगाकर जनमानस के लिए साफ-सफाई करने का संदेश दिया। श्रमदान पश्चात जनपद पंचायत सीईओ अनुराग सिन्हा ने उपस्थित कर्मचारियों व ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति शपथ दिलाई। इस मौके जनपद सीईओ अनुराग सिन्हा ने कहा कि आज हम सब शपथ लें कि अपने घर के आस-पास गंदगी नहीं करेंगे और न ही करने देंगे। ऐसा करने से हमारे आस-पास का वातावरण स्वच्छ होगा। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री जी का सपना है स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत होना चाहिए। इसलिए सभी को अपने आस-पास साफ-सफाई रखनी चाहिए। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनुराग सिन्हा, बीपीएम टिकेंद्र हिरवानी, पीओ वीरेंद्र साहू, सहायक ग्रेड02 अरविंद पाठक, महेश बघेल, चंद्रिका मानिकपूरी पीआरपी, अनसुइया मरकाम लेखापाल, सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।*

# नशे की रोकथाम के लिए कालेजों में लगाएं वर्कशॉप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



साप्ताहिक समय सीमा की बैठक में कलेक्टर कुणाल दुदावत ने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन सहित आम नागरिकों के आवेदनों पर कार्रवाई की प्रगति की जानकारी लेते हुए विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उन्होंने लंबित प्रकरणों पर त्वरित कार्रवाई के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर ने जिले में जाति प्रमाण पत्र बनाने की धीमी प्रगति पर सभी एसडीएम और तहसीलदारों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने इसके लिए गांवों में शिविर लगाकर जाति, आय एवं निवास प्रमाण पत्र बनाने के कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित समय–सीमा की बैठक में ई डिट्रिक्ट प्राप्त आवेदनों और राजस्व प्रकरणों पर के निराकरण में तेजी लाने कहा। गिरदावरी कार्य को सभी तहसीलदारों को गंभीरता के साथ सत्यापन कार्य को पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला स्तरीय अधिकारियों को एक ग्राम पंचायतों में जाकर सहकारी समिति के गठन की प्रक्रिया पूर्ण कराने निर्देशित किया। कलेक्टर ने नशे के रोकथाम के लिए जिले के प्रत्येक महाविद्यालयों में जनजागरुकता के लिए वर्कशॉप के आयोजन एवं वालेंटियर्स के पंजीयन के निर्देश दिए। बैठक में इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास निर्माण की प्रगति, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट सहित विभिन्न निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए जनपद पंचायतों के सीईओ को कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर डीएफओ एन. गुरूनाथन एवं आर. के. जांगड़े, एडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर, जिला पंचायत के सीईओ अविनाश भोई सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

■ कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समयसीमा की बैठक

# धर्मनगरी कोंडागांव बाजारपारा में नवरात्रि पर होंगे विविध आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



धर्मनगरी कोंडागांव बाजार पारा में नवरात्र का विविध आयोजन होंगे। नवरात्र के प्रथम दिवस 3 अक्टूबर को सुप्रसिद्ध भजन गायिका शहनाज अख्तर का विशेष कार्यक्रम आयोजित होगा। शहनाज अख्तर अपने भजनों के माध्यम से माता रानी की आराधना करेंगी। कार्यक्रम स्थल को रंग–बिरंगी लाइटों और फूलों से सजाया जा रहा है। जिससे वहाँ का माहौल और भी भव्य और आस्था से परिपूर्ण हो गया है। स्थानीय भक्त बड़ी संख्या में इस आयोजन में भाग लेने की तैयारी कर रहे हैं। नवरात्रि का यह आयोजन श्रद्धालुओं के लिए एक विशेष अनुभव होगा। आयोजकों का कहना है कि इस प्रकार के भव्य कार्यक्रम से न केवल भक्तों की आस्था मजबूत होती है, बल्कि समाज में एकता और भक्ति का संदेश भी फैलता है।

■ पहले दिन आज शहनाज अख्तर का कार्यक्रम

### स्थानीय प्रशासन और पुलिस विभाग ने की सुरक्षा व्यवस्था

कार्यक्रम को देखने व शामिल होने के लिए दूर–दूर से भक्त आने की संभावना है। जिससे कार्यक्रम स्थल पर भारी भीड़ उमड़ने की उम्मीद है। स्थानीय प्रशासन और पुलिस विभाग ने भी सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए विशेष इंतजाम किए हैं ताकि सभी भक्त बिना किसी कठिनाई के इस भव्य आयोजन का हिस्सा बन सकें।

## पेज 11 के शेष

### शहीद गेंदसिंह ..

स्वस्थ वातावरण देने का संदेश दिया गया। इस स्वच्छता अभियान ने महाविद्यालय परिसर को साफ-सुथरा बनाने के साथ ही छात्रों और महाविघालय के स्टाफ स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाई और समाज में स्वच्छता को प्रोत्साहित करने का उदाहरण प्रस्तुत किया।

### महात्मा गांधी के स्वच्छ...

पंचायत माटवाड़ा मोदी, नरहरपुर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत सरोना के सरपंच सूरज राम कोर्राम, सांईबाबा स्व-सहायता समूह ग्राम पंचायत सरोना, चारामा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत तारसगांव के सरपंच गिरिवर शोरी, ईश्वरी स्व-सहायता समूह तारसगांव, भानुप्रतापप्रतापपुर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत कोरर के सरपंच सौरभ ठाकुर और जागृति स्व-समूह ग्राम पंचायत कोरर, अंतागढ़ विकासखण्ड के ग्राम पंचायत आमाबेड़ा के सरपंच लोकेश बघेल एवं गायत्री स्व-सहायता समूह ग्राम पंचायत आमाबेड़ा, दुर्गूकोंदल ग्राम पंचायत की सरपंच पार्वती शोरी और शीतला स्व-सहायता समूह ग्राम पंचायत दुर्गूकोंदल, कोयलीबेड़ा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत छोटेबेठिया की सरपंच सविता नायक और पूजा महिला स्व-सहायता समूह ग्राम पंचायत छोटेबेठिया सम्मिलित हैं। इसी तरह एनजीओ संस्थाओं में वाटरएड इंडिया, समर्थन फॉर डेवलपमेंट, यूनिसेफ एसीई, यूनिसेफ को सम्मानित किया गया। इसके अलावा रेडक्रॉस सोसायटी, नेहरू युवा केन्द्र, प्रदान संस्थान, राष्ट्रीय सेवा योजना, राष्ट्रीय कैडेट कोर और स्काउड गाईड को भी मुख्य अतिथि द्वारा प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

समापन अवसर पर उपस्थित चारामा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत तारसगांव के सरपंच गिरिवर शोरी ने स्वच्छता अभियान पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए बताया कि पूर्वजों के समय से दीपावली और मेले के आयोजन के दौरान घर, मोहल्ले में साफ-सफाई की जाती थी, लेकिन अब स्वच्छ भारत मिशन से प्रेरित होकर ग्रामीण अभियान चलाकर प्रतिदिन व्यक्तिगत एवं सामूहिक रूप से साफ-सफाई करते हैं। अब उन्हें सफाई के लिए किसी त्यौहार का इंतजार नहीं करना पड़ता। समापन समारोह में सांसद के समक्ष स्वच्छता अभियान पर ग्राम की उपलब्धि पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कांकेर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत कोकपुर के सरपंच प्यारसिंह मंडावी ने बताया कि आश्रित ग्राम खमढोड़गी में साफ-सफाई और विभिन्न गतिविधियों से प्रेरित होकर ग्रामसभा में स्वच्छता अभियान चलाने का संकल्प पारित किया गया। गांव में जल स्तर में वृद्धि हो इसके लिए जिला पंचायत से तालाब निर्माण की स्वीकृति मांगी। इसके पश्चात एक के बाद एक 30 तालाब मनरेगा से तैयार किए गए। इससे भूजल स्तर में आशातीत वृद्धि हुई है। वहीं गंदगी और कचरे से पट चुके एक तालाब की साफ-सफाई कर उसका पुनरूद्धार किया गया। इसके अलावा एक पेड़ मां के नाम के तहत एक हजार से अधिक पौधे लगाकर ग्रामीणों द्वारा उन्हें संरक्षित किया जा रहा है।

# स्वच्छता पखवाड़े में रेडक्रॉस ने चलाया स्वच्छता अभियान




हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

शहीद राजेश पवार शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अंतागढ़ के जूनियर रेड क्रॉस सोसाइटी के छात्र-छात्राओं द्वारा प्राचार्य शर्मिला रानी कुमार एवं जुनियर रेड क्रॉस प्रभारी रुद्र प्रताप सोनी के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया गया। जूनियर रेडक्रॉस प्रभारी रुद्र प्रताप सोनी ने बताया कि स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता थीम पर देश में 14 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। आम नागरिकों के साथ साथ संस्थाओं, कार्यालयों को विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाना है। जूनियर रेडक्रॉस इकाई के वॉलंटियर द्वारा जिला संगठक पवन कुमार सेन के दिशा निर्देश पर नगर के अनेक स्थानों बाजार स्थल, चौक चौराहे, विद्यालय आदि स्थानों पर साफ सफाई कर छात्रों द्वारा स्वच्छता के प्रति संदेश दिया गया। स्वच्छता अभियान में नगर पंचायत अंतागढ़ के अधिकारी और सफाई कर्मी भी स्वच्छता कार्यक्रम को देखते हुए सहयोग करने के लिए अपनी उपस्थिति दर्ज किया तथा साथ में मिलकर स्वच्छता में सहयोग प्रदान किया गया 1 स्वच्छता अभियान में संस्था प्राचार्य, शिक्षक–शिक्षिकाओं सहित छात्र–छात्राएं शामिल रही।

# फोर्स ने स्टेशन परिसर में चलाया स्वच्छता अभियान



**अंतागढ।** विकासखण्ड अंतागढ़ के 28वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के द्वारा स्टेशन परिसर एवं स्टेशन परिसर के आसपास स्वच्छता ही सेवा 2024 एवं विशेष अभियान 4.0 कार्यक्रम के तहत स्वच्छता अभियान चलाया गया। 28वी वाहिनी अंतागढ़ के कमांडेंट अरूण देवगम ने सभी उपस्थित कर्मियों को सफाई अभियान को सफल बनाने की अपील करते हुआ कहा की जब तक आम जनता स्वच्छता के प्रति जागरूक नही होगी, तब तक स्वच्छ भारत अभियान की परिकल्पना सफल नहीं होगी। इसके लिए सभी का सहयोग आवश्यक है। कमान्डेंट ने यह भी निर्देश दिया की एकल उपयोगी प्लास्टिक सामग्री जैसे की डिस्पोजल प्लेट, डिस्पोजल ग्लास, प्लास्टिक बैग, प्लास्टिक थैला इत्यादि पर नियंत्रण काफी आवश्यक है। विशेष अभियान 4.0 के तहत 28वीं वाहिनी अंतागढ़ के वाहिनी मुख्यालय व इसके अंतर्गत आने वाले समस्त सीओबी के आसपास के ग्रामीणों को जागरूकता का संदेश दिया।

## खबर संक्षेप

### स्पर्धा में शामिल होने बस्तर के खिलाड़ी रवाना



**भोंड।** राजनांदगांव में 3 से 6 अक्टूबर तक आयोजित 24वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के लिए बस्तर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत कुड़कानार के 10 बालक ऋतिक, मोहन, मोहित रमाकांत, कामेश्वर, लखेश्वर, समीर, आशाराम, दानियल, कृष एवं 5 बालिका मोनिका, गौरी, शीतल, सबीना, सीमा का चयन हुआ है। बच्चों को प्रशिक्षण शिक्षक एवं कोच नीरज कुंजाम ने दिया है। चयन पर डीईओ बलीराम बघेल, बीइओ लोकनाथ नाग, बीआरसी राजेन्द्र सिंह ठाकुर, प्राचार्या सईदा खान, प्रधान अध्यापक धीरेन्द्र यादव, सीएसी अजम्बर कोर्राम, कार्तिक यादव, गजेन्द्र शर्मा, आशीष पांडेय, अरविंद, दयाराम, भुनेश्वर, अनिल ठाकुर ने प्रसन्नता व्यक्त किया है।

### विधायक ने बच्चों को बांटी साइकिल



**गीदम।** आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय आकाश नगर कासोली में विधायक ने आज बच्चों को सायकिल वितरण किया। छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वकांक्षी योजना सरस्वती सायकिल योजना के तहत स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम शाउमावि आकाश नगर कासोली में क्षेत्रीय विधायक चैतराम अटामी, अभिमन्यु सोनी, एसएमडीसी अध्यक्ष सुधराम भास्कर, शैलेश अटामी, उरदो सिंह ठाकुर एवं गणमान्य नागरिकों के हाथों कक्षा 9वीं के बालिकाओं को सायकिल वितरण किया गया। सरकार की इस योजना का लाभ पाकर संस्था के विद्यार्थी काफी उत्साहित थे। इस अवसर पर विधायक अटामी ने कहा कि इस योजना से निश्चित रूप से बालिका शिक्षा को बढ़ावा मिलता है। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य एसआर कड़ती, प्रधान अध्यापक एसआर नाग, शाला के समस्त शिक्षक स्टॉफ व ग्रामवासी उपस्थित थे।

### स्वच्छता ही सेवा पर स्कूली बच्चों ने ली शपथ



**दरभा।** विकासखंड दरभा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छिंदबहार में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत अंतिम पड़ाव पर 1 अक्टूबर को स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता के विषय में व्यापक जागरूकता लाने हेतु शपथ दिलाया गया। व्याख्याता बुधराम कश्यप ने गांधी जी के स्वच्छ एवं विकसित भारत की सपना को साकार करने के लिए बच्चों को समझाते हुए कहा कि आप लोगों के जैसे किसी भी संस्थाओं में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं की भूमिका अत्यन्त महत्वपूर्ण होती है।
इसलिए आप लोग कल गांधी जयंती पर सुबह अपने घर से ही साफ-सफाई करना प्रारंभ करें।

## आत्मानंद स्कूल में गांधी-शास्त्री जयंती पर हुए विविध कार्यक्रम

# बापू ने जिदंगी जीने का सिखाया सही तरीका

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोंटा





राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व.लाल बहादुर शास्त्री का जन्म दिवस पीएमश्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी एवं हिंदी माध्यम विद्यालय कोंटा में आज श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

- **वरिष्ठ नागरिकों को किया गया सम्मानित**

इस अवसर पर नगर के वयोवृद्ध वरिष्ठ नागरिक जी. गंगा चलम, जेट्टी रामाराव, एम. राजबाबू का सम्मान किया गया गया। उपस्थित वरिष्ठ नागरिकों एवं शाला प्रबंधन समिति की वरिष्ठ सदस्या अन्नपूर्णा दुबे, विकासखंड शिक्षा अधिकारी कोंटा पी. श्रीनिवास राव, प्रधान अध्यापक टी.श्रीनिवास राव, संकुल समन्वयक जी.मल्लेश एवं समस्त शिक्षकों के द्वारा गांधी एवं शास्त्री के तस्वीरों पर माल्यार्पण कर पूजा-अर्चना किया गया। प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर के छात्र-छात्राओं ने गीत, कविता, भाषण, चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

संस्था के विद्यार्थी आर्यन राव, पदाम नंदा ने बापू एवं प्रखर साहू ने शास्त्री की वेशभूषा धारण किया, जिसकी उपस्थित सभी अथितियों ने सराहना किये। इस अवसर पर नगर के वरिष्ठ नागरिक जेट्टी रामाराव ने बापू एवं शास्त्री के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए महापुरुषों के जीवन आदर्शों पर चलने का संकल्प लेने की शपथ दिलाई।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए शाला प्रबंधन समिति की सदस्या अन्नपूर्णा दुबे ने कहा कि आजीवन अहिंसा और सत्य के मार्ग पर चलने वाले बापू ने संपूर्ण मानव जाति को न सिर्फ मानवता का पाठ पढ़ाया, बल्कि जिदंगी जीने का सही तरीका भी सिखाया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी पी.श्रीनिवास राव ने कहा कि शांतिपूर्ण प्रतिरोध और न्याय के प्रति अटूट प्रतिबद्धता के प्रतीक के रूप में गांधी जी की शिक्षाएं और मूल्य न केवल भारत में बल्कि पूरे विश्व में पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेंगी। कार्यक्रम को प्रधान अध्यापक टी. श्रीनिवास राव एवं संकुल समन्वयक जी. मल्लेश ने भी सम्बोधित किया। इस दौरान संस्था के शिक्षक मनीश प्रधान, मीना साहू, रामरती, स्वपना रेड्डी, प्रियंका रानी, शैलजा समेत अन्य उपस्थित थे।

### अल्फा कम्पनी ने भी चलाया अभियान

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत विकासखण्ड कोंटा स्थित 217 बटालियन सीआरपीएफ के अल्फा कम्पनी ने स्वच्छता अभियान के तहत कोन्टा में आज साफ-सफाई अभियान चलाया। इस अभियान में एसडीएम कोंटा शबाब खान, डीसी अल्फा कम्पनी, एसी तिलक राम और कम्पनी के जवान मौजूद थे।

## बुजुर्ग माता-पिता का आशीर्वाद ही सर्वोपरि : अटामी



हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

वैसे तो वरिष्ठ जनों का सम्मान हर दिन, हर पल हमारे मन में होना चाहिए, लेकिन उनके प्रति मन में हुए इस सम्मान को व्यक्त करते के लिए एवं बुजुर्गों की देखभाल, उनके स्वास्थ्य, सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में और आम जनों को इस विषय में चिंतन की आवश्यकता के लिए विशेष तौर पर 1 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस में मनाया जाता है। इस कड़ी में जिला प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा जिले में वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान, स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन मुख्यालय के इंडोर स्टेडियम, हाई स्कूल ग्राउंड में किया गया था। इस आयोजित कार्यक्रम में सभी ब्लॉक मुख्यालय एवं नगरीय निकाय से लगभग 500 वृद्धजन, वरिष्ठ नागरिक गण उपस्थित थे।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक चैतराम अटामी ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि माता-पिता की सेवा हमारा पहला कर्तव्य है। भारतीय परंपरा में बुजुर्ग माता-पिता का आशीर्वाद ही सर्वोपरि है। अतः मुख्यालय में अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर वृद्धों के सम्मान का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। और हमने उन्हें सम्मानित कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

जिसमें 15 दिव्यांगजनों को बैटरी चलित ट्रायसायकल, 3 हितग्राहियों को सामान्य ट्राई साइकिल, 8 हितग्राहियों को व्हील चेयर तथा 31 वरिष्ठ नागरिकों को श्रवण यन्त्र एवं 50 नग छड़ी विधायक के द्वारा प्रदाय किया गया। इस मौके पर कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी सहित जनप्रतिनिधि, उप संचालक समाज कल्याण विभाग संतोष टोप्पो तथा अन्य अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### जावंगा खेल मैदान में चलाया स्वच्छता अभियान



**गीदम।** स्वच्छता पखवाड़ा स्वच्छता अभियान एवं स्वच्छता रैली के तहत जावंगा के खेल मैदान में प्लास्टिक बॉटल, प्लास्टिक की थैलियां आदि की सफाई की गई। शासकीय आदर्श आवासीय महाविद्यालय जावंगा गीदम में प्राचार्य डॉ.एके. दीक्षित के निर्देशानुसार एवं मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत शिक्षा नगर जावंगा के खेल मैदान में प्लास्टिक बॉटल, प्लास्टिक की थैलियां आदि की सफाई की गई। जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी एसके माहला, स्वयं सेवक अभिषेक चौहान, संतोष, रत्तीराम लेखामी, अंजू कावासी, लम्बोदर, सपना मंडल, इशिका मजूमदार एवं अन्य स्वयंसेवक एवं महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण तथा समस्त स्टाफ शामिल हुए।

## पीएम ने स्वच्छता के प्रति जागरूकता को बढ़ाया : विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ तोकापाल



विधायक विनायक गोयल ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा शब्द में कई सारे संदेश, समाहित किए हुए है। प्रधानमंत्री ने स्वच्छता को मिशन के रूप में अपनाकर देश में स्वच्छता के प्रति जागरूकता को बढ़ाया है। स्वच्छता सेवा पखवाड़ा हर वर्ष मनाया जाता है, जिसका समापन महात्मा गांधी की जयंती के दिवस पर किया जाता है, महात्मा गांधी के विजन में भी स्वच्छता भी एक विषय रहा।

विधायक विनायक गोयल जनपद पंचायत तोकापाल गांधी चौक में आयोजित स्वच्छता ही सेवा 2024, संपूर्णता अभियान कार्यक्रम के समापन समारोह को आज संबोधित किये। कार्यक्रम में मितानिन, स्व सहायता समूह की महिलाएं मौजूद थी, जिन्होंने कार्यक्रम के दौरान हलबी गीत गा कर विधायक तथा जनप्रतिनिधियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में स्वच्छता ही सेवा 2024 स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता के अंतर्गत जिला बस्तर में 17 सितम्बर से 1 अक्टूबर तक जिला एवं जनपद स्तर पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई। जिसके तहत स्वच्छता मैराथन, स्वच्छता रथ, स्वच्छता श्रमदान कार्यालयों की साफ-सफाई हेतु श्रमदान तथा तालाबों व सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई की गई है। स्वच्छता के क्षेत्र में श्रेष्ठ कार्य करने वाले जिला के ग्राम, ग्राम पंचायत, स्वच्छता के क्षेत्र के कार्यरत कर्मचारियों, स्वच्छता दीदियों, सफाई मित्र को स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। साथ ही स्वच्छता के ब्राड एंबेसडर, स्वच्छता स्ट्रीट फूड हेतु नागरिकों को सम्मानित किया गया। आकांक्षी विकासखण्ड तोकापाल में अब तक 40 प्रतिशत समूहों को रिवाल्विंग फण्ड प्रदाय किया गया है। इसमें सक्रिय सहभागिता के लिए कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, एनआरएलएम के कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत भूमिपूजन एवं गृहप्रवेश कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत 2 अक्टूबर से प्रथम किश्त प्राप्त आवासों का भूमिपूजन एवं आवास निर्माण का कार्य प्रारंभ किया गया है। कार्यक्रम में आवास योजना के हितग्राहियों को आवास स्वीकृति प्रमाण पत्र का भी वितरण किया गया।

### जवानों की साफ सफाई



बीजापुर। गांधी जयन्ती के उपलक्ष्य में 214 बटालियन के जवानों ने केडी जोशी कमाण्डेन्ट 214 बटालियन की अध्यक्षता में विवेक कुमार, संदीप कुमार शर्मा तथा कमल सिंह नेगी के मार्ग निर्देशन में दुगोली के आस पास के गाँव बस स्टैन्ड दुगोली एवं अन्य सरकारी स्थानों में साफ सफाई अभियान का आयोजन किया। इससे पूर्व 214 बटालियन के द्वारा हाल ही में जगातार दुगोली के आस पास के क्षेत्रों में साफ सफाई अभियान का आयोजन किया गया। गांव एवं जारा पास की जनता को वक्ता के पति पेरित किया।

## वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान



**बीजापुर।** अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस 1 अक्टूबर को जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र (एजुकेशन सिटी) बीजापुर में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत सदस्य बी.पुष्पा राव, नगरपालिका अध्यक्ष बेनहुर रावतिया, श्रीनिवास मुदलियार, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष सुखलाल पुजारी, सरपंच ग्राम पंचायत धनोरा हरिहर साहनी सहित पार्षदगण एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। जिसमें जिले के 200 से अधिक वरिष्ठ नागरिकों की उपस्थिति थी। कार्यक्रम का स्वागत भाषण कमलेश कुमार पटेल उप संचालक बीजापुर ने दिया। इन्होंने बताया कि वरिष्ठ नागरिकों को समाज कल्याण विभाग द्वारा पेंशन एवं अन्य सहायक उपकरण नियमानुसार प्रदाय की जाती है। साथ में उपस्थित अतिथि गण द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के सम्बंध में विस्तारपूर्वक अन्य जानकारी दी गई। वरिष्ठ नागरिकों के अनुरुप विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरुस्कार का वितरण अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जागेश्वर कौशल के हाथों से किया गया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा सभी वरिष्ठजनों को शाल और श्रीफल से सम्मानित कर उनके सुदीर्घ एवं स्वस्थ जीवन की कामना की गई।

## बीआर बालाजी में महिंद्रा थार रॉक्स लॉन्च





### बिजनेस साईट

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड ने भारतीय बाजार में अपनी नई 5 डोर महिंद्रा थार रॉक्स लॉन्च कर दी है। जिसके पेट्रोल वेरिएंट की शुरुआती

- **बस्तर चेंबर के नवनिर्वाचित पदाधिकारी भी लॉन्चिंग में पहुंचे**

एक्स शोरूम प्राइस 12.99 लाख रुपये और डीजल वेरिएंट की एक्स शोरूम प्राइस 13.99 लाख रुपये रखी गई है। मंगलवार को महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड के अधिकृत डीलर बस्तर संभाग बीआर बालाजी एलएलपी में इसकी विधिवत लॉन्चिंग बस्तर चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष श्याम सोमानी एवम नवनिर्वाचित पदाधिकारियों की मौजूदगी में की गई। संभाग के लोगो के लिए इसकी बुकिंग 1 अक्टूबर से प्रारंभ कर दी गई है।

बीआर बालाजी के डीलर प्रिंसिपल राजीव कपूर ने बताया की न्यू महिंद्रा थार में 3 डोर मॉडल के मुकाबले बेहद खास खूबियों के साथ ही पावरफुल इंजन मिलता है, जिससे यह ग्राहकों की सारी जरूरतें पूरी करती है। नई थार रॉक्स ब्लैक और वाइट के साथ ही और भी आकर्षक कलर ऑप्शन में है। चैंबर के सदस्यों ने कहा की महिंद्रा एंड महिंद्रा की इस नए वाहन की डिमांड शहर में और बढ़ सकती है क्योंकि इसके अमेजिंग लुक और कम्फर्ट को लोगो ने बहुत पसंद किया है। जीएम आशीष तिवारी जी ने सबको थार के कीमतों की जानकारी दी।

### जिपं सीईओ की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक



**सुकमा।** कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन में सीईओ जिपं नम्रता जैन की अध्यक्षता में विभिन्न ग्रामीण विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा हेतु गत दिवस बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा, स्वच्छ भारत एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन पर विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में सीईओ जनपद पंचायत सुकमा व डिप्टी कलेक्टर मधु तेता सहित समस्त सीईओ जनपद पंचायत, समस्त एसडीओ आरईएस, पीओ मनरेगा, सब इंजिनियर आरईएस, समस्त एडीईओ विकास खण्ड समन्वयक, बीपीएम एनआरएलएम समस्त तकनीकी सहायक एवं समस्त ग्राम पंचायत सचिव सहित अन्य उपस्थित थे। सीईओ ने जैन ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत निर्माणाधीन और पूर्ण हो चुके आवासों की स्थिति की समीक्षा की और निर्देश दिए कि आवास निर्माण कार्यों को तेजी से पूरा किया जाए। सीईओ ने मनरेगा के तहत पीडीएस भवन और आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। स्वच्छ भारत मिशन समीक्षा कर शौचालय निर्माण और स्वच्छता से संबंधित अन्य कार्यों की समीक्षा की गई।

## छात्राओं, शिक्षक, शिक्षिकाओं ने निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री के जयंती के अवसर पर माता रुक्मिणी सेवा संस्थान डिमरापाल में बुधवार को विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। माता रुक्मिणी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना, स्काउट गाइड और आश्रम की अन्य छात्राओं द्वारा संस्थान सचिव साधना मेश्राम के नेतृत्व में सुबह जगदलपुर सिरहासार चौक स्थित बापू की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।

गोलबाजार में गांधी जी के समाधि स्थल पर आश्रम अधीक्षिका रेखा जसवाल के नेतृत्व में सभी छात्राओं, शिक्षक, शिक्षिकाओं द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सर्वधर्म प्रार्थना किया गया। गोलबाजार से मुख्य मार्ग से रैली निकलते हुए सभी कलेक्टोरेट पहुंचे, जहां पूज्य बापू की प्रतिमा पर पुष्पार्पण कर उनके प्रिय भजनों को गाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। माता रुक्मिणी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा कार्यक्रम अधिकारी मौसमी भूते के नेतृत्व में बापू की प्रतिमा के समक्ष सभी के साथ स्वच्छता शपथ लिया गया, परिसर में श्रमदान भी किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य विनोदचंद्र जोशी, हरिप्रसाद पन्ना, रघुपतिप्रसाद यादव, ललिता कश्यप, सेवती तिवारी, विपिन त्यागी, कल्याणप्रसाद टांडे एवं अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं भी सम्मिलित रहे।

AGRASEN B.ED COLLEGE
VILL-DHANORA DIST-DURG (C.G)
APPOINTMENT

| Sl.No. | Designation | Post | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1 | Principal | 01 | 1. Postgraduate degree in Arts/ Science/ Social Science/Humainities/ Commerce With minimum 55% and<br>2. M.Ed. With minimum 55% Marks. and<br>3. Ph.D in Education or in any Pedagogic Subjects offered in the institute and<br>4. Eight year of teaching experience in a secondary Teacher Education institution. |
| 2 | Assistant Professor Perspectives in Education or foundation Course | 04 | 1. Post Graduate degree in Social Science with minimum 55% marks and<br>2. M.Ed. degree from a recognized university with minimum 55% marks OR<br>1. Postgraduate (MA) degree in Education with minimum 55% and<br>2. B.Ed B.ELEd. degree with minimum 55% marks<br>UGC NET pass or PH.D. degree in education. |
| 3 | Assistant Professor Curriculum and Pedagogic Courses | 08 | 1. Postgraduate degree in Sciences/ Mathematics/ Social Sciences/ Languages with minimum 55% marks and<br>2. M.Ed. degree with minimum 55% marks<br>UGC NET pass or PH.D. degree in education. |
| 4 | Librarian | 01 | M.Lib degree with 55% |

* Qualification are as per UGC Regulation 2018 & NCTE Regulation 2014 & its amendment time to time.
* Candidates should send their resume with 2 passport size photograph with self attested copy of marksheet with in 07 days from the date of publication at agraseniti@gmail.com

### अलग-अलग स्थानों में सीआरपीएफ ने चलाया स्वच्छता अभियान

**कोंटा।** स्वच्छ भारत 4.0 के तहत 212 बटालियन सीआरपीएफ द्वारा स्वच्छत्ता ही सेवा 2024 एवं स्वच्छता को संस्थागत बनाने और सरकारी मामलों में लंबित मामलों को कम रखने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। भारत सरकार के निर्देशन पर दीपक कुमार श्रीवास्तव, कमाण्डेंट 212 बटालियन के निर्देशन पर स्वच्छता पखवाड़ा की अध्यक्षता गजेन्द्र बहादुर सिंह एवं दिनेश कुमार द्वितीय कमान अधिकारी द्वारा बटालियन मुख्यालय में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस वाहिनी द्वारा चयनित किये गये स्थान हनुमान मंदिर, येटापक्का तथा बटालियन मुख्यालय में अभियान चलाया गया। जिसके तहत मंदिर बटालियन मुख्यालय एवं इसके आस-पास के इलाके की साफ-सफाई और पेड़-पौधों की गुड़ाई तथा सफाई की गई। क्षेत्र को प्लास्टिक मुक्त कर सफल बनाया गया।

Health Town
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### कलेक्टर व अधिकारियों ने किया गार्डन में श्रमदान

**कांकेर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आव्हान पर देश भर में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में नगर के जवाहर वार्ड स्थित ठाकुर विश्राम सिंह गार्डन के सामने तालाब किनारे विशेष स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कलेक्टर, जिला पंचायत सीईओ, नगरपालिका के सीएमओ सहित समाजसेवी , पूर्व सैनिक एवं अन्य अधिकारी और कर्मचारियों ने श्रमदान कर परिसर की साफ सफाई किया। स्वच्छता अभियान के दौरान कलेक्टर नीलेश महादेव क्षीरसागर ने तालाब परिसर के किनारे नारियल और पीपल के पौधे लगवाने के निर्देश सीएमओ को दिए। इसके अलावा ठाकुर विश्राम सिंह गार्डन का निरीक्षण किया और वहां की सफाई व्यवस्था का मुआयना किया। कलेक्टर ने गार्डन में खराब पड़ी टॉय ट्रेन को जल्द से जल्द ठीक करवाने के भी निर्देश दिए। उपस्थित लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई, जिससे स्वच्छता के प्रति जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना को और बढ़ावा मिल सके।

### ग्राम भुरसातरहुल में क्रिकेट स्पर्धा आज

**भानुप्रतापपुर।** ग्राम पंचायत - तरहुल के आश्रित ग्राम - भुरसातरहुल में टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 3 अक्टुबर से किया गया है। जिसमें , प्रथम 15000 रुपये, द्वितीय 8000 रुपये और तृतीय 4000 रुपये की घोषणा की गई है। एंट्री फीस 551 रुपए रखा गया है। टीमे एक ही गांव के खिलाड़ियों का होना जरूरी है। समिति के अध्यक्ष कमलेश दरपट्टी, उपाध्यक्ष मुकेश कोरेटी, सचिव सितीश कोरेटी,कप्तान पसूरज कोरेटी,उपकप्तान नरोतम कोरेटी ने जानकारी दी।

### झाड़ पर फांसी लगा कर की आत्महत्या

**कांकेर।** कांकेर थानांतर्गत भण्डारीपारा निवासी सुनील यादव ने 30 सितंबर को फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। भण्डारीपारा कांकेर निवासी रितिक यादव ने पुलिस को बताया कि मृतक ने मुनगा झाड़ में फंदा बनाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। आत्महत्या के कारणो का अभी पता नही चल पाया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### फांसी लगाकर दी जान, मर्ग कायम

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत पीव्ही 42 निवासी तुषार मंडल ने 30 सितंबर को फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। मृतक ने फांसी क्यो लगाया यह अभी पता नही चल पाया है। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### घायल का इलाज के दौरान हुई मौत

**कांकेर।** कोड़ेकुर्सी निवासी भागेश्वर जैन सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया था। ईलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया, लेकिन ईलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। अस्पताल द्वारा अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था। ईलाज के दौरान उसकी 8 जून को मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

**जयंती : स्वच्छता पखवाड़े के समापन पर कचरा प्रबंधन और केंद्रीय बजट की चर्चा की**

# गांधी जयंती पर स्वच्छता दीदियों और सफाई कर्मचारियों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भानुप्रतापपुर

नगर पंचायत क्षेत्र में आयोजित स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का समापन बुधवार को गांधी जयंती के दिन हुआ।स्वच्छता पखवाड़ा के समापन को लेकर नगर पंचायत के तत्वाधान में श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें जनप्रतिनिधियों समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल होकर स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम को सफल बनाया।

> ■ साफ-सफाई अभियान हमारे जीवन में निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है वह भी समाप्त नहीं होता है

कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील पाढ़ी के द्वारा महात्मा गांधी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील पाढ़ी ने इस अवसर पर अपने संबोधन में देश के संपूर्ण विकास के लिए व्यक्तिगत,पारिवारिक,गांव कार्यालय एवं क्षेत्रीय स्तर पर स्वच्छता की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता को लेकर केंद्र सरकार की ओर से बड़ी बजट आता है। इसके लिए उचित स्तर पर ठोस एवं तरल कूड़ा प्रबंधन की सुविधाओं है। श्री पाढ़ी ने

स्वच्छता दीदियों को बधाई देते हुए कहा कि वे घर-घर जाकर कचरे का संग्रहण कर रही हैं और स्वच्छता में महत्वपूर्ण सहभागिता निभा रही हैं। काम छोटा या बड़ा नही होता। आयोजित स्वच्छता पखवाड़ा समापन समारोह में भाजपा मंडल अध्यक्ष नरोत्तम सिंह चौहान ने महात्मा गांधी को नमन करते हैं हुए कहा महात्मा गांधी सत्य, अहिंसा और करुणा के पुजारी थे।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वच्छता अभियान को लेकर लोगों को जागरूक रहे है। समय समय पर रेलवे स्टेशन पर झाडू पोछा लगाया जाता है इस लिए वहाँ पर कोई गंदगी नही रहती हैं। उन्होंने कहा विदेशों में अगर सड़क पर कचरा पड़ा हुआ दिखे तो वहां के नागरिक उस कचरे को उठाकर जेब में रखकर कूड़े दान में डालते हैं।

नगर पंचायत सीएमओं हेमंत नेताम ने बताया नगर पंचायत में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा था इसके तहत विभिन्न स्थानों पर साफ-सफाई की गई। स्वच्छता ही जीवन को आधार मानते हुए सफाई अभियान चलाया गया। सफाई अभियान के समापन पर भी विभिन्न स्थानों पर सफाई की गई।



इस दौरान पार्षद रजिंदर रंधावा, नरेंद्र कुलदीप, मनीष साहू, अरविंद जैन,राजीव श्रीवास,राहुल सिंह धुन्ने,संकेत नशीने,जुगल किशोर शर्मा,नगर पंचायत सहायक राजस्व निरीक्षक नरेंद्र ठाकुर, इंजीनियर दीपक आँचला, रोहित कश्यप,राजकुमार पारकर,बीआरसी राधेलाल नुरेटि, बीआर नायक,प्रशांत रँगारी,देवेंद्र सिंग राय, जीआर मंडावी,नंदनी ध्रुव,बसंत पदमाकर,खेमलाल कटेद्र,जनक राम कोमरा,गजेंद्र कुमार साहू,शोभित पाल,अजय कुमार रावटे,ह्यूमन लाल कोमरे,लकेश साहू,बलि राम उइके,दिलीप सेक्ता,राकेश चौधरी प्रवीण सिन्हा समेत कर्मचारी मौजूद रहे।



### स्वच्छता दीदियों एवं सफाई कर्मचारियों का किया सम्मान

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत 2 अक्टूबर को स्वच्छ भारत दिवस के अवसर पर गांव की सफाई में अपना अतुलनीय योगदान देने वाली स्वच्छता दीदियों एवं सफाई कर्मियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान अथितियों ने स्वच्छता दीदीयों को बधाई देते हुए कहा की स्वच्छता दीदी नगर की सफाई अभियान से जुड़ कर सभी वाडों में नियमित रूप से कचरा ठेला और रिक्शा लेकर अपना काम बखूबी निभा रही हैं। स्वच्छता बहनों का कार्य सराहनीय हैं और ऐसी महिलाएं सम्मान करने योग्य है।

### जिला स्तरीय मेगा स्वच्छता अभियान

राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा एक दिवसीय जिला स्तरीय मेगा स्वच्छता अभियान का आयोजन 2 अक्टूबर को स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 स्वभाव में स्वच्छता संस्कार में स्वच्छता के थीम पर स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय भानुप्रतापपुर में किया गया। जिसमें में जिले के 4 कॉलेजों एवं 15 स्कूलों के राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र छात्राओं शामिल हुए।

## शारदीय नवरात्रि आज से प्रतिमा और ज्योतिकलशों की स्थापना की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भानुप्रतापपुर

शारदीय नवरात्र पर्व कल गुरुवार से आरंभ हो रही है। इसे लेकर देवी मंदिरों में तैयारी जोरों पर है। नगर सहित क्षेत्र के सभी देवी मंदिरों में दीप प्रज्जवलित करने के लिए श्रद्धालुओं में उत्सुकता दिखाईदे रही है। तेल ज्योति कलश 901 एवं घी ज्योति कलश 1101 रुपये की राशि मंदिर समिति द्वारा रसीद कटवा रहे है। चौक चौराहो में भव्य दुर्गा पंडाल अंतिम आकार ले रहा है। एवं विधुत.झालरो से पंडाल व आस-पास को सजाया जा रहा है।

धर्मनगरी के नाम से प्रसिद्ध ग्राम सम्बलपुर में बस्तर सेना द्वारा विशाल दुर्गा पंडाल बनाया जा रहा है। प्रति वर्ष की भांति इस बार नवरात्रि पर 3 अक्टूबर से प्रारंभ हो रहा है। नव दिनों तक चले इस नवरात्र पर नगर के देववालयो में तैयारियां पूरी कल ली गई है। वही नगर में बसन्त नगर, महाराणा चौक, तहसीलपारा, बाजारपारा,बसस्टैंड,सहित अन्य स्थानों पर दुर्गा की प्रतिमा विराजित हो रही है। बस्तर सेना संबलपुर ने गौरव चोपड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि नव दिनों तक चले

### कार्यक्रमों की सूची :-

घट एवं मनोकामना ज्योति कलश स्थापना 03 अक्टूबर गुरूवार, श्री विद्या दायिनी जस झांकी परिवार धनडोंगरी डोंगरगढ़ की प्रस्तुति,
04 अक्टूबर शुक्रवार स्कूली बच्चो का सांस्कृतिक कार्यक्रम 06 अक्टूबर रविवार,सम्बलपुर सिद्ध श्री गणेश स्वामी मंदिर प्रांगण से गढ़बांसला माई दंतेश्वरी मंदिर तक चुनरी पद यात्रा, 07 अक्टूबर सोमवार पंचमी विशेष श्रृंगार भोग महाप्रसादी एवं देव खेल 08 अक्टूबर मंगलवार छत्तीसगढ़ी फिल्मों के कलाकारों की शानदार प्रस्तुति छत्तीसगढ़ी लोक सांस्कृतिक मंच राग अनुराग दुर्ग, 09 अक्टूबर बुधवार रात्रि 09 बजे से अनुपपुर मध्य प्रदेश संदीप शिवहरे की जगराता 10 अक्टूबर गुरूवार रात्रि 09 बजे हवन पूर्णाहुति कन्या भोज विसर्जन पाठ तथा महाभण्डारा 11 अक्टूबर शुक्रवार, माता जी का विसर्जन यात्रा एवं विजय दशमी पर रात्रि आकर्षक आतिशबाजी के साथ रावण दहन 12 अक्टूबर शनिवार किया जाना है।

## गांधीजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और कांग्रेस ने जयंती मनाई



हरिभूमि न्यूज ▸▸| भानुप्रतापपुर

ब्लाक कांग्रेस ने बुधवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती मनाई।कांग्रेसियों के द्वारा गांधीजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। रेस्ट हाउस के पास स्थित महात्मा गांधी के प्रतिमा पास पहुंचे यहां पर महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। इसके बाद संगोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील पाढ़ी ने कहा कि पूरे विश्व को सत्य और अहिंसा का पाठ पढ़ने वाले महात्मा गांधी से कार्यकर्ताओं को प्रेरणा लेनी चाहिए। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के विचार और आदर्श हमें सत्य, अहिंसा और सद्भावना के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। हमें उनके सिद्धांतों को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए, ताकि हमारा देश और प्रदेश प्रगति के नए शिखरों को छू सकें। उन्होंने कहा कि गांधी ने स्वच्छ और सफाई का मार्ग प्रशस्त किया, ऐसे में सभी को अपने शहर को स्वच्छ बनाए रखना चाहिए, जिससे हर व्यिक्त खुश एवं स्वस्थ्य रह सकें।

वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेश तिवारी ने कहा कि हमें महात्मा गांधी के जीवन से प्रेरणा लेकर किसी को भी अहिंसा का मार्ग नहीं अपनाना चाहिए और भाईचारे से रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम सबको राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के विचारों को अपनाकर देश की उन्नति में भागीदार बनना होगा।

वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजकुमार ठाकुर, मुकेश चंद्राकर ने बताया कि अहिंसा के पुजारी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने हमें आजादी दिलाई। उनके इस योगदान को हिंदुस्तान कभी भूल नहीं सकता है। जिन्होंने सत्य और अहिंसा के बल पर हमारे देश को आजादी दिलाई। उनकी त्याग और तपस्या न केवल भारतवर्ष, बल्कि पूरे विश्व के लिए अतुलनीय और अनूठी मिसाल है 1हम सभी को उनके जीवन आदर्शों को अपने जीवन में उतारने की कोशिश करनी चाहिए। यही आज के दिवस की सार्थकता और उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस मौके पर पार्षद नरेंद्र कुलदीप,रूपेंद्र मरकाम, विजय धामेचा, जितेंद्र बेंजामिन,हितेश तिवारी,सीमा सेन गुप्ता, किरण डोंगरे, तुला राम साहू, निकेश ठाकुर, संजु नेताम, रवि दुग्गा समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।




## पैराडाइज में राष्ट्रपिता और शास्त्रीजी से प्रेरणा लेकर चलाया स्वच्छता अभियान

**कांकेर।** पैराडाइज हायर सेकेण्डरी सीबीएसई स्कूल में 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भूतपूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को याद करते हुए उनकी प्रेरणा से स्कूल के हाई एवं हायर सेकेण्डरी के राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, बस चालक, परिचालक द्वारा पुराना बस स्टैंड, न्यू बस स्टैंड, मस्जिद चैक एवं लिमदरहा मिडवे में वृहद स्वच्छता कार्यक्रम चलाया गया।

सभी छात्र-छात्राओं, शिक्षक एवं अन्य स्टाफ द्वारा इन जगहों के रैपर, पालिथीन व अन्य कचरों को साफ किया गया तथा झाड़ू लगाकर परिसर को साफ किया गया। स्कूल के द्वारा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक कांकेर के विभिन्न जगहों पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर प्री-प्राइमरी, प्राइमरी एवं मिडिल स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा अपने घर की साफ सफाई की गई। बच्चों के द्वारा गांधी के प्रिय भजन पर गीत का प्रदर्शन भी किया गया। इस स्वच्छता का संदेश देने वाले प्रेरणादायक कार्यक्रम स्वच्छता ही सेवा 2024 को संपन्न कराने में प्राचार्य रश्मि रजक, उप प्राचार्य हरिन्द्र गोलुगिरी, एडमिनिस्ट्रेटर हमीद खान, वरिष्ठ शिक्षक प्रीति झा, रूबी खान, पवित्र बराई, दीपांजली गोगोई, वर्षा रामानी, एस.मर्सी, शबाना परवीन, तीरथ साहू, अवतार सिंह, कृष्णापद कुंभकार, भारती सेठिया, प्रतीक सिह, जीतूदास माण्डले, इतिश्री गोलुगुरी, अनिल कुमार ढाके, उज्जवल निर्मलकर, शांति लीना नेताम, प्रीतिलता सोरी, सुन्नदा शर्मा, रचना शर्मा, लक्ष्मीनारायण नामदेव, तुलसी निषाद, अपूर्वा ठाकुर, सुकदेव सरकार, आसीस उत्थानसिंह रचना शर्मा, पविन्द्र साहू, पेंकेटेश, निधि साहू, रविशंकर पटेल, मृणाल पाण्डे अभिनव सिंह, पार्वती गजबल्ला, रामेश्वरी साहू, प्रशांत कुमार उईके, यमुना बिलोधिया, संतोष कुमार ठाकुर आदि शिक्षकों का योगदान रहा।

## खरथा में गांधी जयंती पर युवाओं ने चलाया स्वच्छता अभियान




हरिभूमि न्यूज ▸▸| चारामा

विकासखंड चारामा के ग्राम पंचायत खरथा में उमंग युवा मंडल एवं माय भारत के स्वयं सेवकों ने मिलकर स्वच्छता अभियान के साथ स्वच्छता के प्रति दीवाल लेखन कर जन जागरूकता अभियान चलाया। ग्राम के बाजार चौक में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। युवाओं ने गांव के मुख्य बाजार स्थल की साफ सफाई कर स्वच्छता के प्रति दीवाल लेखन कर जन जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया। युवाओं ने जानकारी देते हुए कहा कि स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत माय भारत के युवा एवं उमंग युवा मंडल के पदाधिकारियों ने सफाई अभियान चलाया गया। यह महत्वपूर्ण अभियान स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों को स्वच्छ, सुरक्षित और स्वास्थ्यकर बनाना। यह अभियान केवल साफ सफाई तक ही नही था, बल्कि इसमें गांव के लोगो को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने पर भी जोर दिया गया। स्वच्छता का उनके स्वास्थ्य और जीवन की गुणवत्ता पर सीधा प्रभाव पड़ता है। स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत सफाई अभियान न केवल पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, बल्कि वे समाज के प्रत्येक व्यक्ति को स्वच्छता की जिम्मेदारी समझने के लिए प्रेरित करते हैं। यह अभियान इस बात का एक आदर्श उदाहरण है कि युवा पीढ़ी समाज में सकारात्मक बदलाव लाने लाने के लिए कैसे काम कर रही है। इस अभियान ने संदेश दिया कि जब हम सभी एक साथ मिलकर काम करते हैं तो एक स्वच्छ और सुंदर भारत का निर्माण संभव है। इस अवसर पर उमंग युवा मंडल के अध्यक्ष योगीराज जुर्री, सचिव असवन कुंजाम, कोषाध्यक्ष रूपेश साहू, सलाहकार योगेंद्र नेताम, खेमलाल साहू, राकेश जुर्री, तरुण नाग, भूपेंद्र नाग, गिरवर पोया, केशव नेताम, सौरभ जुर्री, चेतन कुंजाम, दीपेंद्र जुर्री, लोकेश कुंजाम, ऋषि साहू, मोंटू कुंजाम आदि उपस्थित रहे।

## उरैया में भूमिपूजन कर विधायक ने पौधे लगाए

**कांकेर।** नरहरपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत उरैया में विधायक ने ग्रामीणों की मांग पर हाई स्कूल उरैया में सायकल स्टैंड का भूमि पूजन किया। सायकल स्टैंड के लिए ग्राम प्रमुखों के साथ विधायक आशाराम नेताम ने भूमिपूजन कर कार्य की शुरुआत किया। इसके साथ ही स्कूल प्रांगण में पौधा रोपण भी किया गया। स्कूली छात्र-छात्राओं को स्वच्छता को लेकर शपथ दिलाई गई और विधायक निर्वाचन होने के बाद उरैया गांव में 2 अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर स्वच्छता की सेवा 2024 के कार्यक्रम में शामिल हुए थे। इस दौरान ग्रामीणों द्वारा मांग रखी गई थी। जिस पर विधायक आशाराम नेताम ने कहा आप लोगों द्वारा सायकल स्टैंड की मांग की पूरी हो गई। छत्तीसगढ़ में जब से भाजपा की सरकार बनी है विकास की कमी नहीं है। गांव-गांव में पुल-पुलिया, सड़क, भवन बन रहे हैं। बेरोजगारों को रोजगार मिल रहा है। कार्यक्रम में पूर्व विधायक शिशुपाल शोरी, मुकेश कुमार संचेती, भाजपा कार्यकर्ता व स्कूल के शिक्षक और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थि रहे।



### कांकेर जेल में विधिक साक्षरता शिविर हुआ

**कांकेर।** गांधी जयंती के अवसर पर जिला जेल कांकेर में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव भास्कर मिश्र के द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सिद्धांतों को अपने जीवन में अमल करने के लिए प्रेरित किया गया। बंदियों को गांधी के सिद्धांतों के बारे में बताया कि अहिंसा, सत्य और आत्म-सम्मान ये सिद्धांत आज भी प्रासंगिक हैं और बंदियों को अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने में मदद कर सकता है।

## गांधी जयंती पर एनसीसी ने चलाया स्वच्छता अभियान



**सरोना।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरोना के एनसीसी कैडेट्स ने गांधी जयंती के अवसर पर स्वच्छता अभियान का आयोजन किया। छात्रों ने विद्यालय एवं अस्पताल परिसर में सफाई कार्य किया, जिससे परिसर की स्वच्छता को बढ़ावा मिला। इस आयोजन का उद्देश्य समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना था। इसके तहत कैडेट्स ने एक रैली का आयोजन भी किया, जिसमें वे बस स्टैंड सरोना तक पहुंचे। रैली के दौरान उन्होंने लोगों को अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने का संदेश दिया। इस पहल ने न केवल विद्यालय परिसर को साफ-सुथरा बनाया, बल्कि स्थानीय समुदाय में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। एनसीसी कैडेट्स की इस प्रेरणादायक कार्रवाई ने सभी के लिए एक उदाहरण प्रस्तुत किया है कि कैसे हम मिलकर अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रख सकते हैं।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 8,500/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
14 अक्टूबर से 20 अक्टूबर 2024 तक, 23 दिसंबर से 29 दिसंबर 2024, 02 मई से 08 मई 2025
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)
ऑफर राशि : स्लीपर 8,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-73544-11411

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग व दांत रोग का ईलाज

आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
हरिभूमि समाचार पत्र को सर्वे कार्य हेतु 20 युवकों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन हो, इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।
योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 10,000 +
Resume Whatsapp करें
8370049468, 9098324969
हरिभूमि कार्यालय
पुजारी पार्क के सामने, टिकरापारा, रायपुर